# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–120/2023*

## अनुशासन का अर्थ बंधन नहीं, बल्कि मर्यादा होता है –राज्यपाल

**पटना, 28 मार्च, 2023** :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने पटना वीमेंस कॉलेज के वेरॉनिका ऑडिटोरियम में आयोजित पटना विश्वविद्यालय के वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं से कहा कि जीवन में सफल होने के लिए हर क्षेत्र में अनुशासन जरूरी है। उनके आचरण एवं क्रियाकलापों से यह परिलक्षित होना चाहिए कि उन्होंने एक प्रतिष्ठित संस्थान में विद्यार्जन किया है। उन्होंने कहा कि अनुशासन का अर्थ बंधन नहीं, बल्कि मर्यादा होता है और हमें इसका पालन करना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि बच्चों को उनके लक्ष्य के बारे में स्पष्टता होनी चाहिए। उन्होंने शिक्षा पद्धति में बदलाव की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य समाज एवं देश की आवश्यकताओं के अनुरूप योग्य नागरिक तैयार करना होना चाहिए। शिक्षा वैसी होनी चाहिए जो हमारे बच्चों को उनके पैरों पर खड़ा होने में मदद करे तथा समाज और देश की मिट्टी से उन्हें जोड़कर रखे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अपनाने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि यह इन उद्देश्यों को पूरा करने में सक्षम है।

राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 79 छात्र–छात्राओं को परीक्षा में स्वर्ण पदक से महामहिम ने सम्मानित किया। साथ ही, उन्होंने पीएच०डी० तथा स्नातकोत्तर की डिग्रियाँ भी प्रदान की। उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने माता–पिता, अभिभावकों तथा गुरूजनों की उम्मीदों को पूरा करेंगे।

कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, शिक्षा विभाग के सचिव श्री वैद्यनाथ यादव, आई०आई०टी०, पटना के निदेशक, प्रो० त्रिलोकी नाथ सिंह, पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० गिरीश कुमार चौधरी एवं प्रतिकुलपति प्रो० अजय कुमार सिंह सहित अन्य महानुभाव उपस्थित थे।

……………………………………….